हरिभूमि
नर्मदापुरम भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, गुरुवार 29 अक्टूबर 2026
[नर्मदापुरम | इटारसी | पिपरिया | पचमढ़ी | सोहागपुर | सिवनी-मालवा | माखननगर | बनखेड़ी]

04 जिला अस्पताल में डॉक्टर बनकर डिलीवरी के नाम पर ठगी ...



07 दीपोत्सव की तैयारी शुरू: 8 को दीपावली 10 को अन्नकूट व 11 नवंबर...



खबर संक्षेप

बान्द्राभान मेला तैयारियों की बैठक आज

नर्मदापुरम। प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी बान्द्राभान मेला 22 नवंबर से 26 नवंबर 2026 तक तवा और नर्मदा नदी के संगम स्थल बान्द्राभान पर आयोजित किया जाना प्रस्तावित है। मेला आयोजन की तैयारियों को लेकर 29 अक्टूबर 2026 गुरुवार को शाम 4 बजे कलेक्टर कार्यालय के रेवा सभाकक्ष में बैठक आयोजित की गई है। अनुविभागीय अधिकारी नर्मदापुरम ने संबंधित सभी अधिकारियों को बैठक में अनिवार्य रूप से उपस्थित रहने के निर्देश दिए हैं।

कानूनी दत्तक ग्रहण प्रक्रिया पर हुआ मंथन

नर्मदापुरम। कलेक्टर नर्मदापुरम आशीष वशिष्ठ के मार्गदर्शन में बुधवार को विधिक सेवा प्राधिकरण नर्मदापुरम के सभाकक्ष में समेकित बाल संरक्षण योजना 'मिशन वात्सल्य' के तहत एक दिवसीय प्रशिक्षण सह कार्यशाला आयोजित की गई। कार्यशाला में दत्तक ग्रहण, स्पॉन्सरशिप, फॉस्टर केयर, प्रत्यावर्तन, पुनर्वास और सामाजिक एकीकरण विषयों पर विस्तृत चर्चा हुई। कार्यशाला में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी नरसिंह गहलोत, जिला विधिक सहायता अधिकारी अभय सिंह आदि मौजूद रहे।

कोठी बाजार सब्जी मंडी के सामने पेड़ों की कटाई

सरकार हरियाली बढ़ाने में जुटी, यहां हरे-भरे पेड़ों पर चल रही कुल्हाड़ी!

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

विकास के नाम पर दिन दहाड़े पेड़ की कटाई की जा रही है।

पेड़ों को नुकसान पहुंचाना चिंता का विषय

प्रदेश सरकार एक ओर पर्यावरण संरक्षण और हरियाली बढ़ाने के लिए पौधरोपण अभियान चला रही है, वहीं दूसरी ओर शहर में हरे-भरे पेड़ों की कटाई और उन्हें नुकसान पहुंचाने के मामले सामने आ रहे हैं। स्थानीय कोठी बाजार सब्जी मंडी के सामने, हैप्पी मैरिज गार्डन के सामने सड़क किनारे लगे हरे-भरे पेड़ों को काट दिया गया है। वहीं, एक नीलगिरी के पेड़ में पहले आग लगाए जाने और उसके जल जाने का मामला भी सामने आया है। शहर में पेड़ों को इस तरह नुकसान पहुंचाना पर्यावरण संरक्षण के प्रयासों पर सवाल खड़े करता है। पेड़ न केवल हरियाली बढ़ाते हैं, बल्कि वातावरण को स्वच्छ रखने और गर्मी के प्रभाव को कम करने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।



जिम्मेदार विभाग की कार्रवाई पर नजर

अब सवाल यह है कि सड़क किनारे लगे पेड़ों को किसके द्वारा और किस अनुमति से काटा गया? नीलगिरी के पेड़ में आग किसने लगाई और इस मामले में अब तक कोई जांच या कार्रवाई हुई है या नहीं? संबंधित विभाग को मामले की जांच कर पेड़ों की कटाई के कारणों का पता लगाना चाहिए। साथ ही, पेड़ को आग लगाकर नुकसान पहुंचाने वालों की पहचान कर नियमानुसार कार्रवाई की जानी चाहिए।

एक ओर पौधरोपण कर हरियाली बढ़ाने के संदेश दिए जा रहे हैं, तो दूसरी ओर पुराने पेड़ों को नुकसान पहुंचना चिंता है। शहरवासियों का मानना है कि पर्यावरण संरक्षण के अभियान तभी सार्थक होंगे, जब पेड़ों को लगाने के साथ-साथ उनकी सुरक्षा भी सुनिश्चित की जाएगी।



नियमानुसार हो रही कटाई

मुख्य नगर पालिका अधिकारी नर्मदा पुरम का कहना था कि पेड़ अनुमति से ही काटे जा रहे हैं। यहां पर बाउंड्रीवाल का निर्माण किया जा रहा है। जो पेड़ निर्माण कार्य में आ रहे हैं उन्हें ही केवल हटाया जा रहा है और जहां तक आग लगाने का सवाल है तो किसी सब्जी वाले या अन्य लोगों ने लगा दी होगी। परमिशन से काम हो रहा है।

ट्रक की टक्कर से पैदल जा रहे व्यक्ति की मौत, चालक गिरफ्तार

इटारसी में हुआ दर्दनाक सड़क हादसा

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम



बुधवार शाम करीब 4 बजे नर्मदापुरम रोड पर जिंद बाबा की नहर के पास एक तेज रफ्तार ट्रक की टक्कर से सड़क पर पैदल चल रहे एक व्यक्ति की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। इटारसी से नर्मदापुरम की ओर जा रहे ट्रक क्रमांक MP09KD 6344 ने उक्त व्यक्ति को अपनी चपेट में ले लिया।

हादसे की सूचना मिलते ही एफआरवी-09 की टीम स्टाफ अतुल विश्वकर्मा और पायलट जावेद अली और सिटी पुलिस तुरंत मौके पर पहुँची और शव को डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी शासकीय अस्पताल पहुंचाया।

फिलहाल मृतक की आधिकारिक पहचान नहीं हो पाई है, हालांकि कुछ स्थानीय लोगों द्वारा उसे दीवान कॉलोनी का निवासी बताया जा रहा है। पुलिस परिजनों की तलाश करने के साथ ही हादसे के कारणों की जांच में जुटी है। पुलिस ने दुर्घटना में शामिल ट्रक को थाने में खड़ा करवा लिया है और वाहन चालक को भी पकड़ लिया है।

संयुक्त संचालक ने किया गनेरा के सक्षम केंद्र का दौरा

माखन नगर। महिला एवं बाल विकास विभाग की संयुक्त संचालक ने ग्राम गनेरा स्थित सक्षम केंद्र का भ्रमण कर केंद्र में संचालित गतिविधियों का अवलोकन किया। इस दौरान उन्होंने बच्चों को उपलब्ध कराए जा रहे टीएचआर, नाश्ता एवं भोजन की व्यवस्था का जायजा लिया। साथ ही बच्चों द्वारा की जा रही विभिन्न गतिविधियों को देखा और उनके द्वारा बनाई गई आकर्षक पेंटिंग की सराहना की। भ्रमण के दौरान संयुक्त संचालक ने बच्चों की रचनात्मक प्रतिभा की प्रशंसा करते हुए उनके सर्वांगीण विकास के लिए संचालित गतिविधियों का अवलोकन किया। उन्होंने केंद्र में व्यवस्थाओं की जानकारी भी ली।

दिव्यांग मूल्यांकन शिविर 2 से 6 नवंबर तक लगाया जाएगा

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

भारत सरकार की एडिप योजना के अंतर्गत दिव्यांगजनों को सहायक उपकरण प्रदान करने के लिए जिले में खंड स्तर पर मूल्यांकन/परीक्षण शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। शिविर 2 नवंबर से 6 नवंबर 2026 तक लगेंगे, जहां एलिम्को जबलपुर द्वारा हितग्राहियों का चिन्हांकन किया जाएगा।

शिविरों को आयोजन 2 नवंबर को जनपद पंचायत पिपरिया, 3 नवंबर को जनपद पंचायत सोहागपुर, 4 नवंबर को जनपद पंचायत सिवनीमालवा, 5 नवंबर को नगरपालिका इटारसी एवं 6 नवंबर को जनपद पंचायत नर्मदापुरम में किया जाएगा। शिविर का प्रातः 11 बजे से शाम 5 बजे तक रहेगा।

उप संचालक सामाजिक न्याय सीमा बड़ोले ने बताया कि हितग्राही आवश्यक दस्तावेज आधार कार्ड, समग्र आईडी, दिव्यांगता प्रमाण पत्र, UDID कार्ड, BPL राशन कार्ड/आय प्रमाण पत्र और दो पासपोर्ट फोटो के साथ उपस्थित हों। शिविर स्थल पर UDID कार्ड बनाने की व्यवस्था भी की गई है।

पुलिस और नगरपालिका की संयुक्त कार्रवाई, 20 कार्टून अवैध पटाखे जब्त, जारी रहेगा अभियान

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

जिले के थाना कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत पुलिस और नगरपालिका की संयुक्त टीम ने अवैध विस्फोटक सामग्री के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की है। पुलिस अधीक्षक नर्मदापुरम साईं कृष्णा के निर्देशन तथा वरिष्ठ अधिकारियों के मार्गदर्शन में मुखबिर की सूचना पर बालागंज स्थित अकबरी मस्जिद के पास दबिश दी गई।

इस कार्रवाई के दौरान आरोपी फारुख खान पिता लतीफ खान, उम्र 37 वर्ष, निवासी बालागंज के कब्जे से बिना अनुज्ञाप्ति के लापरवाहीपूर्वक भंडारित किए गए 20 कार्टून अवैध पटाखे बरामद कर जब्त किए गए।

आरोपी के इस कृत्य पर थाना कोतवाली में विस्फोटक अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी गई है. प्रशासन ने आमजन से अपील की है कि बिना वैध अनुज्ञाप्ति के पटाखों का भंडारण या विक्रय न करें और इस तरह की अवैध गतिविधियों की सूचना तुरंत नजदीकी थाने या डायल 112 पर दें।



मोबाइल हैक कर 54 हजार रुपए की ठगी थाने में लिखित शिकायत कराई दर्ज

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

नगर के गांधीनगर स्थित इंगल चाल रोड वार्ड नं. 23 निवासी रिटायर्ड रेलकर्मी जगदीश प्रसाद जुनानिया आत्मज मिश्रीलाल जुनानिया का मोबाइल हैक कर अज्ञात ठगों ने 54,000 रुपये की ऑनलाइन धोखाधड़ी कर ली है। इस संबंध में पीड़ित ने थाना प्रभारी, थाना इटारसी को लिखित शिकायत सौंपी है।

पीड़ित जगदीश प्रसाद ने आवेदन में बताया कि 23 अक्टूबर को उनके परिचित के माध्यम से उनके फोन पर एक लिंक (फाइल) आई थी, जिसे उन्होंने गलती से ओपन कर लिया था। लिंक ओपन होने के कुछ ही देर बाद शाम 7:38 बजे उनके खाते से 50,000 रुपये कट गए, और इसके ठीक बाद शाम 7:49 बजे 4,000 रुपये का अमेजन वाउचर खरीद लिया। यह पूरी राशि फोन-पे के माध्यम से कटी है।



पीड़ित के अनुसार, उनके फोन से किए इस ट्रांजैक्शन में दीपंकर मंडल का नाम सामने आया है और घटना के दौरान उनका मोबाइल भी आउट ऑफ कंट्रोल (कंट्रोल से बाहर) हो गया था। इस मामले की एक प्रतिलिपि पुलिस अधीक्षक कार्यालय स्थित साइबर क्राइम रिपोर्ट शाखा में भी संलग्न की गई है। पीड़ित ने थाने में आवेदन देकर अपने पैसे वापस दिलाने और उचित कार्रवाई की गुहार लगाई है।

पुराने बस स्टैंड पर 3 से 4 मिनट का स्टॉपेज और नया बस स्टैंड भी चालू रखने की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

पुराने बस स्टैंड पर बसों का तीन से चार मिनट का ठहराव सुनिश्चित करने और नए बस स्टैंड को भी चालू रखने की मांग को लेकर जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष शिवाकांत गुड्डन पांडेय ने प्रशासन एवं क्षेत्रीय विधायक से शीघ्र समाधान निकालने का आग्रह किया है। उन्होंने कहा कि वर्तमान व्यवस्था से ग्रामीण यात्रियों को परेशानी हो रही है और पुराने बस स्टैंड क्षेत्र के व्यापारियों का कारोबार भी प्रभावित हो रहा है।



जिला कांग्रेस प्रवक्ता अनिल रैकवार ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया कि शिवाकांत गुड्डन पांडेय ने कहा कि इटारसी आसपास के गांवों के लिए प्रमुख व्यापारिक एवं आवागमन का केंद्र है। यहां प्रतिदिन बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं, किसान, मजदूर और ग्रामीण नागरिक आते हैं। पुराने बस स्टैंड पर बसों का ठहराव नहीं होने से उन्हें आवागमन में असुविधा का सामना करना पड़ रहा है।

उन्होंने कहा कि ग्रामीण ग्राहकों की आवाजाही प्रभावित होने से पुराने बस स्टैंड और आसपास के बाजार के व्यापारियों को भी नुकसान हो रहा है। त्योहारों के नजदीक होने के कारण ग्रामीण क्षेत्रों से खरीदारी के लिए आने वाले लोगों की सुविधा सुनिश्चित करना और भी जरूरी है।

शिवाकांत गुड्डन पांडेय ने कहा कि उद्देश्य किसी व्यवस्था का विरोध करना नहीं, बल्कि जनता को राहत दिलाना है। प्रशासन को ऐसा व्यावहारिक समाधान निकालना चाहिए, जिससे पुराने बस स्टैंड पर तीन से चार मिनट का स्टॉपेज सुनिश्चित हो और नया बस स्टैंड भी चालू रहे। इससे यात्रियों की सुविधा, व्यापारियों के हित और शहर की परिवहन व्यवस्था के बीच संतुलन बना रहेगा। उन्होंने प्रशासन एवं क्षेत्रीय विधायक से संबंधित अधिकारियों और परिवहन विभाग के साथ चर्चा कर त्योहारों से पहले जनहित में उचित निर्णय लेने की मांग की।

मिलावट पर सख्त कार्रवाई की चेतावनी

नर्मदापुरम। कलेक्टर नर्मदापुरम आशीष वशिष्ठ के निर्देश पर आगामी त्योहारों को देखते हुए आमजन के स्वास्थ्य की सुरक्षा के लिए राजस्व, खाद्य सुरक्षा और पुलिस विभाग की संयुक्त टीम द्वारा सिवनी मालवा के विभिन्न प्रतिष्ठानों पर सैंपलिंग की गई। जय स्तंभ चौक स्थित ब्रजवासी डेयरी पर एसडीएम विजय राय, एसडीओपी महेंद्र सिंह चौहान, जिला खाद्य सुरक्षा अधिकारी कमलेश दियावर और मुख्य नगरपालिका अधिकारी अमर सिंह उईके ने पहुंचकर सघन जांच की। खाद्य सुरक्षा अधिकारी द्वारा मावा और अन्य खाद्य पदार्थों के सैंपल लेकर प्रयोगशाला भेजे गए हैं। अधिकारियों ने व्यापारियों को स्पष्ट चेतावनी दी कि आमजन के स्वास्थ्य से खिलवाड़ बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

निगरानी: बाहर जाने का कारण रजिस्टर में करना होगा दर्ज

सीएमओ सुरेखा जाटव ने सभी विभागों का किया निरीक्षण, समय पर कार्यालय आने-जाने के दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

नगरपालिका परिषद इटारसी में कार्यालयीन व्यवस्था में सुधार और अधिकारियों-कर्मचारियों की उपस्थिति सुनिश्चित करने के लिए मुख्य नगरपालिका अधिकारी सुरेखा जाटव ने निगरानी व्यवस्था शुरू की है। इसके तहत कार्यालय में आने-जाने वाले अधिकारियों और कर्मचारियों का रजिस्टर संधारित किया जा रहा है। यदि कोई अधिकारी या कर्मचारी कार्यालयीन समय में किसी कार्य से बाहर जाता है, तो उसे रजिस्टर में बाहर जाने का कारण दर्ज करना होगा।

बुधवार को सीएमओ सुरेखा जाटव ने नगरपालिका के विभिन्न विभागों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने अधिकारियों और कर्मचारियों से उनके कार्यों की समीक्षा की तथा विभागीय कामकाज से संबंधित जानकारी ली। उन्होंने कार्यालय में आने-जाने वाले कर्मचारियों



के लिए संधारित रजिस्टर की भी जांच की और व्यवस्था का जायजा लिया।

नगरपालिका के राजस्व विभाग, इंजीनियरिंग विभाग, सामाजिक न्याय विभाग, जन्म-मृत्यु शाखा सहित अन्य विभागों के अधिकारियों और कर्मचारियों को निर्धारित समय पर कार्यालय आने और कार्यालयीन समय के दौरान अनुशासन बनाए रखने के निर्देश दिए गए हैं। इस व्यवस्था का उद्देश्य कार्यालयीन कामकाज को व्यवस्थित करना और आम नागरिकों को अपने कार्यों के लिए अधिकारियों-कर्मचारियों की अनुपलब्धता के कारण परेशान न होना पड़े, यह सुनिश्चित करना है।

बताया जाता है कि पिछले कई दिनों से सीएमओ को शिकायतें मिल रही थीं कि कार्यालयीन समय में कुछ अधिकारी और कर्मचारी अपनी सीटों पर उपलब्ध नहीं रहते हैं। इसके कारण विभिन्न कार्यों के लिए नगरपालिका पहुंचने वाले नागरिकों को परेशानी का सामना करना पड़ता है। इन शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए सीएमओ ने उपस्थिति और आवागमन पर निगरानी रखने की व्यवस्था लागू की है। विभागों के निरीक्षण और रजिस्टर की जांच के माध्यम से कार्यालयीन अनुशासन बनाए रखने तथा कामकाज में सुधार लाने का प्रयास किया जा रहा है।

अवैध मदिरा के विरुद्ध आबकारी की कार्रवाई, 3 प्रकरण दर्ज

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

कलेक्टर आशीष वशिष्ठ के आदेशानुसार और जिला आबकारी अधिकारी डॉ. राजीव प्रसाद द्विवेदी के मार्गदर्शन में अवैध मदिरा विक्रय के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत मंगलवार को वृत्त इटारसी शहर में कार्रवाई की गई।

आबकारी विभाग की टीम ने नाला मोहल्ला, गरीबी लाइन, सूरजगंज और भाट मोहल्ला क्षेत्र में दबिश देकर मध्यप्रदेश आबकारी अधिनियम के तहत कुल 3 प्रकरण कायम किए। कार्रवाई में लगभग 180 किलो महुआ लाहन, 20 लीटर हाथभट्टी मदिरा और 45 पाव अंग्रेजी व्हिस्की जब्त की गई। जब्त सामग्री की अनुमानित कीमत 29,650 रुपये आंकी गई।

कार्रवाई में वृत्त प्रभारी सहायक जिला आबकारी अधिकारी रमेश अहिरवार, प्रधान आबकारी आरक्षक राजेश गौर, आबकारी आरक्षक धर्मेंद्र बारंगे, विकास लोखंडे और महिला आरक्षक भावना यादव का योगदान रहा।



बड़ी औद्योगिक दुर्घटना से निपटने डिपो की आंतरिक मुस्तैदी परखी

आईओसी डिपो में सुरक्षा का इम्तिहान, लेवल-3 ऑफ साइट मॉक ड्रिल हुई, रेस्क्यू एजेंसियां उतरीं मैदान में

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

आपदा प्रबंधन अधिनियम के तहत इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन लिमिटेड के इटारसी बल्क पेट्रोलियम डिपो में एक बड़ा और रोमांचक सुरक्षा अभ्यास देखने को मिला। नर्मदापुरम जिला प्रशासन, आपदा प्रबंधन संस्थान भोपाल और मध्य प्रदेश शासन के गृह विभाग के संयुक्त तत्वावधान में यहां एक भव्य लेवल-3 ऑफ-साइट आपातकालीन अग्निशमन मॉक ड्रिल का आयोजन किया। इस हाई-वोल्टेज अभ्यास का मुख्य उद्देश्य किसी भी बड़ी औद्योगिक दुर्घटना से निपटने डिपो की आंतरिक तैयारियों और प्रशासनिक तंत्र की मुस्तैदी को परखना था।



क्या था आपातकालीन परिदृश्य?

इस मॉक ड्रिल को बेहद वास्तविक रूप देने के लिए एक फर्जी लेकिन खतरनाक स्थिति क्रिएट की गई थी। डिपो के स्टोरेज टैंक टीके 003 में एथेनॉल के रिसाव से कहानी शुरू हुई, जिसे ठीक करने के लिए तुरंत मेंटेनेंस टीम को उतारा गया। इसके बाद अचानक वाष्प-बादल में आग लगने से एक भयंकर विस्फोट और भीषण आग का दृश्य दिखाया। इस विकट स्थिति से निपटने के लिए तुरंत लेवल-3 आपातकाल घोषित कर दिया, जिसमें जिला प्रशासन और बाहर की तमाम रेस्क्यू एजेंसियों को मैदान में उतरना पड़ा।

इस पूरे ऑपरेशन के मुख्य घटना नियंत्रक की कमान इटारसी के एसडीएम नीलेश शर्मा ने संभाली। उनके साथ डीएमआई भोपाल के संयुक्त निदेशक डॉ. जॉर्ज वी. जोसेफ, तहसीलदार आरके झोले, होमगार्ड के शिवराज चौधरी, आयुध निर्माणी और एसपीएम के सुरक्षा अधिकारी, सिविल अस्पताल इटारसी की मेडिकल टीम तथा पुलिस और नगर निगम के अग्निशमन दल ने मिलकर इस अभियान को एक्यूरेट तरीके से अंजाम दिया। आपातकालीन शटडाउन प्रणाली, फोम जनरेटर और हाई-वॉल्यूम वाटर कर्टेन जैसी आधुनिक तकनीकों का शानदार तालमेल यहां देखने को मिला।

मारवाड़ी स्वर्णकार समाज ने मनाई अजमीढ़ जयंती



हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

शहर में सोमवार को नर्मदा पुरम मारवाड़ी स्वर्णकार समाज द्वारा अजमीढ़ जयंती मनाई गई। इस अवसर पर मारवाड़ी स्वर्णकार समाज के पितृ पुरुष भगवान श्री अजमीढ़ जी महाराज की जयंती का कार्यक्रम स्थानीय जगदीश मंदिर धर्मशाला में भव्य रूप से आयोजित किया गया। इसमें स्वर्णकार समाज के सभी सदस्य उपस्थित रहे। कार्यक्रम में अजमीढ़ जी महाराज की जयंती पर उनका माल्यार्पण दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के दौरान स्वर्णकार समाज के वरिष्ठ जनों का सम्मान किया गया। इसके साथ ही मातृशक्तियों का भी सम्मान हुआ। इस मौके पर भगवान अजमीढ़ के योगदान पर भी चर्चा हुई। जयंती कार्यक्रम में बच्चों के खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन हुआ। इसके साथ ही स्वर्णकार समाज की आर्थिक विकास के लिए सभी सदस्यों ने एक निश्चित मासिक शुल्क राशि देने का निर्णय लिया।

खबर संक्षेप



सीएम के कार्यक्रम की तैयारियों का अधिकारियों ने किया निरीक्षण

बैतूल। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के मुख्य आतिथ्य में 31 अक्टूबर को जिले में प्रस्तावित तेंदूपत्ता संग्राहकों को बोनस वितरण कार्यक्रम की तैयारियों का अधिकारियों ने निरीक्षण किया। कलेक्टर डॉ. सौरभ संजय सोनवणे, पुलिस अधीक्षक वीरेंद्र जैन, डीएफओ नवीन गर्ग, सीईओ जिला पंचायत गणेश जायसवाल, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कमलेश खरपूसे सहित अन्य अधिकारियों ने निर्धारित कार्यक्रम स्थल पुलिस ग्राउंड पहुंचकर मंच निर्माण, सेक्टर निर्माण, अतिथियों के आगमन सहित अन्य व्यवस्थाओं का जायजा लिया। अधिकारियों ने संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश देते हुए सभी व्यवस्थाएं समय-सीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिए। अधिकारियों ने हेलीपैड स्थल का भी निरीक्षण किया तथा प्रोटोकॉल के अनुरूप समुचित व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। इस दौरान एसडीएम डॉ. अभिजीत सिंह, एसडीओपी सुश्री अन्नपूर्णा सिरसाम, सीएमओ नवनीत पांडे, कार्यपालन यंत्री लोक निर्माण विभाग, कार्यपालन यंत्री ग्रामीण यांत्रिकी सेवा सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

सड़क किनारे घायल मिले युवक की मौत



बैतूल। साईखेड़ा थाना क्षेत्र में ग्राम बारवी के पास सडक़ किनारे घायल मिले 18 वर्षीय युवक की मौत हो गई। उसे जिला अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने जांच के बाद मृत घोषित कर दिया। मृतक की पहचान पीयूष पिता पिंटू धोते (18), निवासी ग्राम बारवी के रूप में हुई है। प्रारंभिक जांच में उसके चेहरे और सीने में अंदरूनी चोट के संकेत मिले हैं। फिलहाल यह स्पष्ट नहीं है कि युवक किसी हादसे में घायल हुआ या उसके साथ मारपीट हुई थी। जानकारी के अनुसार, मंगलवार रात करीब 9 बजे पीयूष ग्राम बारवी के पास सडक़ किनारे घायल अवस्था में मिला। बताया जा रहा है कि वह गांव के ही एक युवक के साथ घर से निकला था, लेकिन बाद में अकेला घायल मिला। पुलिस यह पता लगाने का प्रयास कर रही है कि पीयूष के साथ गया युवक कौन था और वह किन परिस्थितियों में घायल हुआ। घटना से जुड़े अन्य तथ्यों की भी जांच की जा रही है। अस्पताल के डॉक्टरों के अनुसार, प्रारंभिक जांच में पीयूष के चेहरे और सीने में अंदरूनी चोट के संकेत मिले हैं। हालांकि, मौत की वास्तविक वजह पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही स्पष्ट हो सकेगी। अस्पताल पुलिस चौकी ने मर्ग कायम कर जांच डायरी साईखेड़ा थाना भेज दी है। पुलिस घटना की परिस्थितियों और उपलब्ध जानकारी के आधार पर जांच कर रही है। फिलहाल हादसे या मारपीट की आशंका की पुष्टि नहीं हुई है।

विकसित भारत युवा संवाद-अपना वोट जानें कार्यक्रम 29 अक्टूबर को

बैतूल। मेरा युवा भारत बैतूल युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार द्वारा 29 अक्टूबर को प्रातः 11 बजे से बालाजी इंजीनियरिंग कॉलेज में विकसित भारत युवा संवाद अपना वोट जानें कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि केंद्रीय राज्य मंत्री दुर्गा दास उईके उपस्थित होंगे। जिला युवा अधिकारी सुषमा गवली ने बताया कि कार्यक्रम में युवा सीधे केंद्रीय मंत्री श्री उईके से संवाद कर सकेंगे, अपने प्रश्न पूछ सकेंगे और अपने विचार रख सकेंगे। साथ ही सभी प्रतिभागियों को लोकतांत्रिक शपथ भी दिलाई जाएगी। इस कार्यक्रम का उद्देश्य युवा नागरिकों और जन-नेतृत्व को एक मंच पर लाकर लोकतांत्रिक जागरूकता बढ़ाना और राष्ट्र निर्माण में युवाओं की भूमिका को मजबूत करना है। यह कार्यक्रम राष्ट्रव्यापी विकसित भारत युवा संवाद पहल का हिस्सा है, जो 26 अक्टूबर से 5 नवंबर तक देश के 500 कॉलेजों में आयोजित हो रहा है।

सीजर डिलीवरी और बेहतर इलाज का झांसा देकर मरीजों के परिजनों से मांगता था रुपए

जिला अस्पताल में डॉक्टर बनकर डिलीवरी के नाम पर ठगी करने वाला आरोपी गिरफ्तार

आरोपी मोबाइल पर क्यूआर कोड भेजकर यूपीआई के माध्यम से खातों में ट्रांसफर करवाता था रकम

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैतूल



जिला अस्पताल बैतूल में प्रसव एवं सीजर डिलीवरी के दौरान बेहतर इलाज कराने का झांसा देकर मरीजों के परिजनों से ऑनलाइन रुपये ऐंठने वाले आरोपी को कोतवाली पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी स्वयं को डॉक्टर बताकर मरीजों के परिजनों को फोन करता था और ऑपरेशन एवं बेहतर उपचार के नाम पर क्यूआर कोड भेजकर यूपीआई के माध्यम से रुपये ट्रांसफर करवाता था। पुलिस के मुताबिक 19 अक्टूबर को फरियादी विजय नागले निवासी मंडई खुर्द, ने अपनी पत्नी मीरा नागले को प्रसव के लिए जिला अस्पताल बैतूल के महिला वार्ड में भर्ती कराया था। चिकित्सकीय परीक्षण के बाद उनकी पत्नी को सीजर डिलीवरी के लिए ऑपरेशन वार्ड में ले जाया गया। इसी दौरान फरियादी के मोबाइल पर अज्ञात व्यक्ति का फोन आया। उसने स्वयं को डॉक्टर बताते हुए कहा कि वह सीजर ऑपरेशन अच्छी तरह कर देगा और टांके भी ठीक से लगाएगा, ताकि भविष्य में कोई परेशानी न हो। इसके लिए उसने 5,000 रुपये की मांग की और क्यूआर कोड भेजकर ऑनलाइन भुगतान करने को कहा। फरियादी के पास कीपैड मोबाइल होने के कारण उसने अपने भाई संजय नागले को इसकी जानकारी दी। संजय नागले ने आरोपी से बात करने के बाद उसके द्वारा भेजे गए क्यूआर कोड पर फोन-पे के माध्यम से 5,000 रुपये ट्रांसफर कर दिए। इसी प्रकार जिला अस्पताल में भर्ती अन्य महिला रेसु आरसे के परिजन से भी बेहतर डिलीवरी कराने के नाम पर 5,000 रुपये मांगे गए, जिनमें से 3,000 रुपये ऑनलाइन ट्रांसफर किए गए। इससे पूर्व दिनांक 14 अक्टूबर 2026 को जिला अस्पताल में प्रसव हेतु भर्ती कविता पिपरदे के परिजनों से भी इसी मोबाइल नंबर के माध्यम से सीजर डिलीवरी अच्छी तरह कराने के नाम पर 6,000 रुपये मांगे गए थे, जिनमें से 3,000 रुपये ऑनलाइन ट्रांसफर किए गए। अज्ञात व्यक्ति द्वारा स्वयं को डॉक्टर बताकर प्रसूता महिलाओं के परिजनों को विश्वास में लिया जाता था तथा बेहतर उपचार एवं सीजर डिलीवरी के नाम पर ऑनलाइन भुगतान करवाकर धोखाधड़ी की जा रही थी।

थाना कोतवाली में अपराध दर्ज, विशेष टीम गठित

फरियादी की रिपोर्ट पर 22 अक्टूबर को थाना कोतवाली बैतूल में धारा 308(2) भारतीय न्याय संहिता, 2023 के अंतर्गत प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। इसके अतिरिक्त एक अन्य अपराध में आरोपी द्वारा फरियादी के बच्चे की गले में नाल फंसने पर हमीदिया अस्पताल भोपाल रेफर किया गया था, इसके इलाज के नाम पर आरोपी द्वारा परियादी से 24000 रुपए की धोखाधड़ी की गई थी जिसमे थाना कोतवाली में प्रथक से प्रकरण दर्ज किया गया है। विवेचना के दौरान प्राप्त तकनीकी साक्ष्यों एवं मोबाइल नंबरों की जांच के आधार पर आरोपी की पहचान जितेंद्र खाकरे, पिता दीनदयाल खाकरे, उम्र 30 वर्ष, निवासी ग्राम खापा, थाना आठनेर, जिला बैतूल के रूप में हुई। आरोपी की तलाश में पुलिस टीम द्वारा संभावित ठिकानों पर लगातार दबिश दी गई। थाना प्रभारी निरीक्षक देवकरण डेहरिया के नेतृत्व तथा उप निरीक्षक छत्रपाल धुर्वे के हमराह पुलिस टीम ने कार्रवाई करते हुए आरोपी को गिरफ्तार किया।

इंदौर और भोपाल में भी इसी तरह की धोखाधड़ी के मामले

पुलिस जांच में आरोपी के विरुद्ध इंदौर एवं भोपाल में भी इसी प्रकार की धोखाधड़ी के प्रकरण सामने आए हैं। थाना संयोगितागंज, जिला इंदौर में वर्ष 2025 में धारा 318(4) भारतीय न्याय संहिता के अंतर्गत प्रकरण दर्ज हुआ था। इसमें आरोपी द्वारा एक व्यक्ति से उसकी मां के ऑपरेशन एवं बेहतर इलाज के नाम पर 8,000 रुपये तथा दो अन्य व्यक्तियों से क्रमशः 5,000 और 9,000 रुपये ऑनलाइन प्राप्त करने का आरोप है। इसके अलावा थाना कोहेफिजा, जिला भोपाल में धारा 318(4) एवं 319(2) भारतीय न्याय संहिता के अंतर्गत प्रकरण पंजीबद्ध किया गया था।

चिचोली पुलिस की त्वरित कार्रवाई, 48 घंटे में अंधे कत्ल का खुलासा



बैतूल। चिचोली पुलिस ने ग्राम दुधिया में हुए युवक पवन गंजाम की हत्या के मामले में त्वरित कार्रवाई करते हुए 48 घंटे के भीतर दो अपचारी बालकों सहित चार आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। 25 अक्टूबर की रात्रि ग्राम दुधिया थाना चिचोली क्षेत्र में युवक पवन गंजाम की हत्या की सूचना प्राप्त होने पर थाना प्रभारी चिचोली निरीक्षक हरिओम पटेल पुलिस टीम के साथ तत्काल घटनास्थल पर पहुंचे। पुलिस ने घटनास्थल को सुरक्षित कर वरिष्ठ अधिकारियों को सूचना दी गई। मामले में थाना चिचोली में धारा 103(1) भारतीय न्याय संहिता के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। पुलिस अधीक्षक वीरेन्द्र जैन के निर्देशानुसार अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कमलेश कुमार, एसडीओपी शाहपुर श्रीमती अर्चना शर्मा, एफएसएल अधिकारी नर्मदापुरम ऋषिकेश यादव एवं सीन ऑफ क्राइम एक्सपर्ट निरीक्षक आबिद अंसारी द्वारा घटनास्थल का निरीक्षण किया गया। मृतक के गले पर गंभीर चोट के निशान पाए गए। आवश्यक पंचनामा कार्रवाई के पश्चात शव को पोस्टमार्टम के लिए शासकीय चिकित्सालय चिचोली भेजा गया।

- **प्रेम प्रसंग को लेकर हुए विवाद में युवक की बसुले से हत्या**

परिषद का सम्मेलनः बाजारों का होगा सौन्दर्यीकरण

वाचनालय और बस स्टैंड पर बनेगा शॉपिंग कॉम्प्लेक्स, सतपुड़ा डेम किनारे रिसॉर्ट का प्रस्ताव



हरिभूमि न्यूज ⏭ सारनी

नगर पालिका परिषद सारनी में बुधवार को परिषद के सामान्य सम्मेलन का आयोजन दोपहर 1 बजे से किया गया। बैठक में विभिन्न बिंदुओं पर चर्चा की गई। इस दौरान मठारदेव मेले की तैयारियों और विभिन्न व्यवस्थाओं को लेकर चर्चा हुई। अनुमोदित एजेंडे के 9 बिंदुओं पर चर्चा के बाद परिषद ने अपनी सहमति प्रदान की। नगर पालिका सभाकक्ष में बुधवार 28 अक्टूबर 2026 को दोपहर 1 बजे से बैठक प्रारंभ हुई। अध्यक्ष किशोर बरदे, उपाध्यक्ष जगदीश पवार, विधायक प्रतिनिधि सुधा चंद्रा, नेता प्रतिपक्ष आनंद पिंटिश नागले, मुख्य नगर पालिका अधिकारी नितिन बिजवे की उपस्थिति में सम्मेलन हुआ। बैठक में छोटा मठारदेव पंप हाउस से विसर्जन स्थल राजडोह तक एवं बगडोना हवाई पट्टी से सारनी बैरियर तक रोड की दूसरी ओर स्ट्रीट लाइट लगाने को परिषद ने स्वीकृति प्रदान की। बाबा मठारदेव परिसर में निर्मित गेस्ट हाउस को किराये पर देने, पीएमएवाय आवासीय परिसर की चारों ओर से बाउंड्री बनाने, गीता भवन निर्माण, वित्तीय वर्ष 2026-27 हेतु अनुपूरक बजट पर चर्चा की गई। बैठक में पार्षद छाया अतुलकर, भीम बहादुर थापा, मीना ददन सिंह, ज्योति नागले, दशरथ सिंह जाट, एल्डरमैन रमेश हारोडे, विनय मदने, रमेश पवार, सुनीता यादव, सहायक लेखाधिकारी ब्रजेश नागर, उपयंत्री रविंद्र वराठे, कमलेश पटेल, नितिन मीणा, सेनेटरी इंस्पेक्टर केके भावसार सहित अन्य अधिकारी, कर्मचारी उपस्थित थे।

मेले में प्लॉट रेट रहेंगे यथावत, उत्कृष्ट व्यवस्थाएं करने के निर्देश

परिषद की बैठक में 12 से 22 जनवरी तक लगने वाले श्री मठारदेव बाबा मेले को लेकर चर्चा हुई। दुकानदारों को आवंटित किए जाने वाले प्लाट के रेट यथावत रखने के निर्देश परिषद ने दिए। इसके अलावा मेले में सभी कार्यों की उत्कृष्ट व्यवस्थाएं बनाने के लिए भी निर्देशित किया गया। शासन की यू.सी.एफ. योजना के तहत नगरीय क्षेत्र में बाजारों का सौंदर्याकरण होगा। सतपुड़ा डेम साइट पर रिसार्ट का निर्माण किया जाना भी प्रस्तावित किया गया है। इसी तरह नगर पालिका के सारनी स्थित वाचनालय, बस स्टैंड परिसर में व्यावसायिक शॉपिंग काम्प्लेक्स निर्माण किया जाएगा। नगर पालिका क्षेत्र में ई.वी. चार्जिंग स्टेशन भी बनाया जाएगा।

लंबित मामलों के त्वरित निराकरण के दिए निर्देश

डीआईजी नर्मदापुरम रेंज ने की वार्षिक अपराध समीक्षा



हरिभूमि न्यूज ⏭ बैतूल

पुलिस उपमहानिरीक्षक नर्मदापुरम रेंज बीरेन्द्र कुमार सिंह ने जिला बैतूल का वार्षिक निरीक्षण किया गया। इस दौरान पुलिस कंट्रोल रूम बैतूल में वार्षिक अपराध समीक्षा बैठक आयोजित कर जिले में अपराधों की स्थिति, लंबित प्रकरणों की विवेचना एवं निराकरण तथा पुलिस थानों की कार्यप्रणाली की विस्तृत समीक्षा की गई। बैठक में पुलिस अधीक्षक बैतूल वीरेन्द्र जैन सहित जिले के वरिष्ठ पुलिस अधिकारी एवं समस्त अनुभागों के अनुविभागीय अधिकारी पुलिस तथा थाना प्रभारी उपस्थित रहे। डीआईजी बीरेन्द्र कुमार सिंह के बैतूल आगमन पर पुलिस कंट्रोल रूम में पुलिस जवानों द्वारा उत्कृष्ट टर्नआउट के साथ सलामी दी गई। तत्पश्चात पुलिस अधीक्षक बैतूल वीरेन्द्र जैन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कमलेश खरपुसे द्वारा पुष्पगुच्छ भेंट कर उनका स्वागत किया गया। वार्षिक अपराध समीक्षा के दौरान डीआईजी श्री सिंह द्वारा अनुभागवार अपराधों की समीक्षा की गई। उन्होंने लंबित अपराधों का प्राथमिकता के आधार पर त्वरित निराकरण करने, विवेचना की गुणवत्ता में सुधार लाने तथा वैज्ञानिक दृष्टिकोण अपनाते हुए साक्ष्यों का प्रभावी संकलन करने के निर्देश दिए। उन्होंने आपराधिक प्रकरणों में आरोपियों के विरुद्ध उपलब्ध साक्ष्यों के आधार पर प्रभावी विवेचना एवं न्यायालय में सशक्त पैरवी सुनिश्चित कर अधिकाधिक प्रकरणों में दोषसिद्धि कराने पर जोर दिया। इसके साथ ही लंबित चालानों को शीघ्र न्यायालय में प्रस्तुत करने तथा लंबित शिकायतों की त्वरित जांच कर उनका समय-सीमा में निराकरण करने के निर्देश दिए गए।

थानों की सुरक्षा अभिलेखों के व्यवस्थित संधारण और पुलिस कार्यप्रणाली में अनुशासन बनाए रखने पर विशेष जोर

48वीं अंतरक्षेत्रीय रस्साकशी प्रतियोगिता 2026-27 का भव्य समापन

संत सिंगाजी ताप विद्युत गृह खण्डवा बना विजेता, जबलपुर केन्द्रीय कार्यालय उपविजेता



हरिभूमि न्यूज ⏭ सारनी

मध्यप्रदेश विद्युत मंडल की 48वीं अंतरक्षेत्रीय रस्साकशी प्रतियोगिता वर्ष 2026-27 का दो दिवसीय आयोजन उत्साह, खेल भावना एवं शानदार प्रतिस्पर्धा के साथ संपन्न हुआ। प्रतियोगिता के अंतिम दिन रोमांचक सेमीफाइनल मुकाबलों के साथ तृतीय स्थान एवं फाइनल मैच खेले गए। खिलाड़ियों ने अपनी शारीरिक क्षमता, सामूहिक समन्वय, अनुशासन और टीम भावना का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता के प्रथम सेमीफाइनल मुकाबले में संत सिंगाजी ताप विद्युत गृह खण्डवा की टीम ने जीत दर्ज कर फाइनल में प्रवेश किया। वहीं दूसरे सेमीफाइनल में जबलपुर केन्द्रीय कार्यालय, जबलपुर की टीम विजयी रही और फाइनल में अपनी जगह बनाई। तृतीय स्थान के लिए हुए मुकाबले में उज्जैन रीजन ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। प्रतियोगिता का बहुप्रतीक्षित फाइनल मुकाबला संत सिंगाजी ताप विद्युत गृह खण्डवा एवं जबलपुर केन्द्रीय कार्यालय के बीच खेला गया। इसमें शानदार प्रदर्शन करते हुए संत सिंगाजी ताप विद्युत गृह खण्डवा की टीम ने विजेता का खिताब अपने नाम किया, जबकि जबलपुर केन्द्रीय कार्यालय की टीम उपविजेता रही। इस प्रकार खण्डवा ने प्रतियोगिता में प्रथम, जबलपुर ने द्वितीय तथा उज्जैन रीजन ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

प्रतियोगिता में व्यक्तिगत प्रदर्शन के लिए सारनी रीजन के खिलाड़ी मकरध्वज सरियांम को इमर्जिंग प्लेयर के सम्मान से नवाजा गया। उनके प्रदर्शन की उपस्थित अतिथियों एवं खेलप्रेमियों ने सराहना की। समापन एवं पुरस्कार वितरण समारोह में मुख्य अभियंता सुशील कुमार लिल्हारे, अति मुख्य अभियंता हरिराम नरवरिया, मनीष शर्मा, मुख्य रसायनज्ञ पीयूष गुप्ता, महासचिव संजय जोशी सहित सभी आमंत्रित अतिथि सपरिवार उपस्थित रहे।

भैंसदेही में खाद-बीज दुकानों में मनमानी

स्टॉक बोर्ड गायब, महंगे दाम पर बिक्री के आरोप

हरिभूमि न्यूज ⏭ भैंसदेही

कृषि प्रधान क्षेत्र भैंसदेही में खाद-बीज और कीटनाशक दुकानों की मनमानी सामने आई है। अधिकांश दुकानदार दुकानों के बाहर स्टॉक और रेट लिस्ट प्रदर्शित नहीं कर रहे हैं, जिससे किसानों में भ्रम की स्थिति बनी हुई है। किसानों ने महंगे दाम पर खाद बेचने के आरोप भी लगाए हैं। किसानों का कहना है कि भैंसदेही क्षेत्र के हजारों किसान खेती के लिए खाद, बीज और कीटनाशक पर निर्भर हैं। शासन के नियमों के अनुसार हर खाद विक्रेता को उर्वरक नियंत्रण आदेश 1985 के तहत दुकान के सामने स्टॉक की स्थिति और मूल्य सूची प्रदर्शित करना अनिवार्य है। साथ ही निर्धारित एमआरपी से अधिक दाम लेना प्रतिबंधित है। लेकिन भैंसदेही में इसका पालन नहीं हो रहा।



लाइसेंस और स्टॉक की जांच जरूरी

किसानों ने मांग की है कि कृषि विभाग दुकानों के लाइसेंस, प्राधिकार पत्र और स्टॉक रजिस्टर का मिलान करे। कई दुकानों पर यह स्पष्ट नहीं है कि उनके पास खाद, बीज और कीटनाशक तीनों के लाइसेंस हैं भी या नहीं। बीज और कीटनाशक की गुणवत्ता पर भी सवाल उठ रहे हैं। किसानों ने मांग की है कि बीज के पैकेट पर बैच नंबर, वैधता और लेबल की जांच हो, और संदिग्ध कीटनाशकों के सैंपल लेकर लैब में जांच कराई जाए।

इनका कहना है...

कृषि दुकानों की शिकायतें कुछ दिन पहले मिली थीं, जिसकी हमने जांच भी की थी। आगे और भी जांच करवाता हूं।

श्री टेकाम, कृषि अधिकारी भैंसदेही

टयूबवेल और मोटर पंपों को बनाते थे निशाना, भैंसदेही और बैतूल में की चोरियां

खेतों से कॉपर वायर चोरी करने वाले दो आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैतूल



भैंसदेही पुलिस ने खेतों में लगे ट्यूबवेल और मोटर पंपों से कॉपर वायर चोरी करने वाले दो चोरों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से करीब 1 लाख 80 हजार रुपए कीमत का कॉपर वायर, चोरी में इस्तेमाल की गई मोटरसाइकिल और औजार जब्त किए हैं। मंगलवार को इस गिरफ्तारी के साथ ही भैंसदेही और कोतवाली थाना क्षेत्र में हुई चोरी की 3 अलग-अलग वारदातों का खुलासा हो गया है। पुलिस के मुताबिक, पकड़े गए आरोपियों की पहचान शुभम वारस्कर और अनमोल झारे के रूप में हुई है। दोनों आरोपी किसानों के खेतों में जाकर ट्यूबवेल और मोटर पंपों को निशाना बनाते थे और कॉपर वायर काटकर फरार हो जाते थे। हाल ही में भैंसदेही के ग्राम जामझिरी, घोघामा और कोतवाली के ग्राम रातामाटी में चोरी की घटनाएं सामने आई थीं। झल्लार थाने में बीएनएस की धाराओं में केस दर्ज कर पुलिस जांच में जुटी थी।

मछुआ समिति अध्यक्ष ने लापरवाही पर जताई नाराजगी, नपा अध्यक्ष ने दिए जांच के आदेश

फिश पार्लर मामले में मौके पर पहुंचे नपा अधिकारी, गुणवत्तापूर्ण कार्य के निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ आमला

खबर का असर



शहर के शनिवार बाजार स्थित फिश पार्लर निर्माण में की जा रही अनियमितता एवं भ्रष्टाचार की खबर हरिभूमि के 28 अक्टूबर के अंक में प्रमुखता से प्रकाशित होने के बाद बुधवार को नपा आमला के अधिकारियों की टीम ने वहां पहुंचकर मामले की पड़ताल की। दरअसल नपा कर्मचारियों और ठेकेदार की मिलीभगत से गुणवत्ताहीन निर्माण कार्य होने को लेकर खबर प्रकाशित होने के बाद नपा अध्यक्ष नितिन गाडरे ने इस मामले में जांच के आदेश दिए थे। जिस पर नपा आमला के इंजीनियर मनोज अग्रवाल सहित नपा के अन्य कर्मचारियों भी उपस्थित थे। मौके पर पहुंचकर जांच अधिकारियों ने शिकायतकर्ता मछुआ समिति के अध्यक्ष गणेश डोमने को भी मौके पर बुलाया। इस दौरान भी मछुआ समिति ने नगर पालिका की टीम को यहां फिश पार्लर निर्माण के दौरान की जा रही कई कमियां गिनाई, जिस पर नपा के अधिकारियों ने उन्हें सुधार का आश्वासन दिया। नगर पालिका के जांच दल ने ठेकेदार को गुणवत्तापूर्ण कार्य के निर्देश दिए हैं। गौरतलब है कि यहां मत्स्य विभाग द्वारा मछुआरों के लिए फिलहाल पांच दुकानों का निर्माण किया जा रहा है जिसकी लागत 25 लाख रुपए है और फिश पार्लर का निर्माण गुरुदेव कंस्ट्रक्शन कंपनी द्वारा किया जा रहा है। इस मामले में शुरू से ही स्थानीय संगठनों और मछुआ समिति ने निर्माण कार्यों की गुणवत्ता पर सवाल उठाकर जांच की मांग की थी।

निर्माणाधीन फिश पार्लर के सामने अतिक्रमण हटाने की भी मांग

फिश पार्लर मामले मेंबुधवार को मौके पर पहुंचे जांच अधिकारियों के सामने भी मछुआ समिति ने अपनी कई आपत्ति दर्ज कराई है। इस मौके पर समिति के गोलू मोरे, मंगल मोरे,बबलू अमजरे, मुकेश मोरे ने निर्माणाधीन फिश पार्लर के सामने से अतिक्रमण हटाने की मांग सहित पेयजल और पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था की भी करने की मांग की। समिति का कहना है कि फिश पार्लर के सामने टीन शेड की आवश्यकता भी है, क्योंकि फिश पार्लर की लंबाई चौड़ाई बेहद कम है, ऐसे में दुकानदारों को समस्या हो सकती है। मौके पर उपस्थित वार्ड के पार्षद राकेश शर्मा ने भी अधिकारियों को यहां सतत निरीक्षण करने और गुणवत्ता का ध्यान रखने के लिए कहा है।

डिवाइडर मामले में इंजीनियर की नाराजगी-इधर पीर मंजिल से लेकर जनपद चौक तक बन रहे डिवाइडर और लाइटिंग के मामले में ठेकेदार द्वारा की जा रही लापरवाही पर नगर पालिका आमला के इंजीनियर योगेश आनेराव ने ठेकेदार को फटकार लगाते हुए सुधार करने के निर्देश दिए। दरअसल यहां ठेकेदार द्वारा निर्माण कार्यों में की जा रही लापरवाही को इंजीनियर ने स्वयं देखा और ठेकेदार को गुणवत्ता पर ध्यान देने के लिए कहा, इंजीनियर के निर्देश पर ठेकेदार द्वारा वहां कुछ तकनीकी सुधार कार्य शुरू करवा दिए हैं।

ग्राम पंचायत देशावाड़ी में वित्तीय अनियमितताओं का आरोप, ग्रामीणों ने कलेक्टर से की जांच की मांग



बैतूल। जिले के शाहपुर जनपद की ग्राम पंचायत देशावाड़ी में पांचवें राज्य वित्त आयोग और 15वें वित्त आयोग के तहत आवंटित राशि के कथित गलत आहरण का गंभीर मामला सामने आया है। इस संबंध में ग्रामवासियों ने डिप्टी कलेक्टर को शिकायत आवेदन सौंपकर वित्तीय वर्ष 2022-23, 2023-24, 2024-25 एवं 2025-26 में आवंटित राशि की निष्पक्ष जांच करवाने की मांग की है।

निष्पक्ष जांच कर दोषियों पर एफआईआर दर्ज करने की मांग

ग्रामीणों ने कलेक्टर से मामले में संपूर्ण वित्तीय रिकॉर्ड की निष्पक्ष जांच कराने तथा अनियमितता प्रमाणित होने पर जिम्मेदारों के विरुद्ध कड़ी कानूनी कार्रवाई करने की मांग की है। आवेदन में दोषियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराने का भी कहा गया है। ग्रामवासियों की ओर से दिए गए आवेदन में संबंधित बिलों एवं अन्य दस्तावेजों की जांच कर वास्तविक स्थिति स्पष्ट करने की मांग की गई है। ग्राम पंचायत देशावाड़ी के ग्रामीणों का कहना है कि पंचायत को विकास कार्यों के लिए मिलने वाली राशि का उपयोग नियमानुसार और पारदर्शी तरीके से होना चाहिए, ताकि गांव में विकास कार्य प्रभावित न हों और शासकीय धन का उचित उपयोग सुनिश्चित किया जा सके।

खबर संक्षेप

निशा पंवार के शानदार प्रदर्शन से भोपाल संभाग सेमीफाइनल जीता



भैरुंदा। ग्वालियर में आयोजित 70वीं प्रदेश स्तरीय बालिका क्रिकेट प्रतियोगिता के सेमीफाइनल में भोपाल संभाग ने मेजबान ग्वालियर को हराकर फाइनल में जगह बनाई। इस जीत में शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बोरखेड़ा कलां की खिलाड़ी निशा पंवार ने शानदार प्रदर्शन किया। उन्हें प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया। मैच में ग्वालियर ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी की और 15 ओवर में 96 रन बनाए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी भोपाल संभाग की सलामी बल्लेबाज सौम्या नामदेव ने अच्छी शुरुआत की। उन्होंने चार चौकों की मदद से दो ओवर में 22 रन बनाए। इसके बाद भोपाल संभाग के लगातार विकेट गिरने लगे। ऐसे समय में निशा पंवार ने शानदार बल्लेबाजी करते हुए 18 गेंदों में पांच चौकों की मदद से 30 रन बनाए। उन्होंने गेंदबाजी में भी अच्छा प्रदर्शन किया और दो ओवर में 10 रन देकर एक विकेट लिया। निशा के इस शानदार प्रदर्शन से भोपाल संभाग को जीत मिली। अब फाइनल मुकाबला रीवा की टीम से होगा।

खरीफ फसलों के अच्छे उत्पादन से बाजार में खरीदारी बढ़ने की उम्मीद

दीपोत्सव की तैयारी शुरू: 8 को दीपावली 10 को अन्नकूट व 11 नवंबर को भाई दूज

हरिभूमि न्यूज ⏭ भैरुंदा



दीपावली के पर्व को लेकर नगर के बाजारों में रौनक लौटने लगी है। इस बार अमावस्या की तिथि के संयोग के चलते दीपावली, अन्नकूट और भाई दूज के आयोजन की तिथियों को लेकर विशेष चर्चा है। दीपावली का मुख्य पर्व 8 नवंबर को मनाया जाएगा। इसके बाद 9 नवंबर को भी अमावस्या तिथि रहने के कारण त्योहारों के क्रम में बदलाव देखने को मिलेगा। इसी क्रम में अन्नकूट का पर्व 10 नवंबर और भाई दूज 11 नवंबर को मनाई जाएगी। दीपोत्सव के इन प्रमुख पर्वों को लेकर बाजारों में तैयारियां तेज हो गई हैं। व्यापारियों के लिए इस बार दीपावली का सीजन विशेष महत्व रखता है। खरीफ फसलों के अच्छे उत्पादन से बाजार में खरीदारी बढ़ने की उम्मीद है। हालांकि अभी कुछ कारोबार में ग्राहकी की रफ्तार सामान्य बनी हुई है, लेकिन व्यापारियों को विश्वास है कि शुभ मुहूर्त शुरू होते ही बाजार में खरीदारों की आवाजाही बढ़ेगी। करवा चौथ से शुरू होने वाला खरीदारी का दौर पुष्य नक्षत्र, धनतेरस, रूप चौदस और दीपावली तक जारी रहने की संभावना है।

अमावस्या की रात्रि में महालक्ष्मी पूजन के कारण 8 नवंबर को दीपावली : पंडित राजेश पौराणिक ,आयुष्मान तिवारी, गोपाल जैमिनी, संजय शर्मा ने बताया कि दीपावली पर अमावस्या तिथि और रात्रिकालीन महालक्ष्मी पूजन का विशेष महत्व माना जाता है। इस बार अमावस्या की तिथि 8 और 9 नवंबर को पड़ने के कारण पर्व की तिथि को लेकर लोगों में उत्सुकता है। 8 नवंबर की शाम अमावस्या तिथि होने और रात्रि में महालक्ष्मी पूजन के महत्व को देखते हुए इसी दिन दीपावली मनाई जाएगी। दीपावली पर घरों और प्रतिष्ठानों में भगवान गणेश, माता महालक्ष्मी और देवी सरस्वती की पूजा-अर्चना की जाएगी। इसके लिए लोग घरों की साफ-सफाई, रंगाई-पुताई और सजावट में जुटे हैं। बाजारों में दीपक, फूल-मालाएं, रंगोली, विद्युत सजावट, मिठाई, पूजन सामग्री और उपहारों की खरीदारी बढ़ने की उम्मीद है।

दीपावली के बाद भी त्योहारों का उत्साह बना रहेगा। अमावस्या तिथि के क्रम को देखते हुए इस बार अन्नकूट का पर्व 10 नवंबर को मनाया जाएगा। इस अवसर पर मंदिरों में भगवान को विभिन्न प्रकार के पकवानों का भोग लगाया जाता है तथा अन्नकूट प्रसादी का वितरण किया जाता है। धार्मिक आयोजनों के साथ ही मिठाई, पूजन सामग्री और अन्य खाद्य वस्तुओं की मांग भी बढ़ती है। इसके बाद 11 नवंबर को भाई दूज का पर्व मनाया जाएगा। यह पर्व भाई-बहन के स्नेह और प्रेम का प्रतीक है। इस अवसर पर बहनें भाइयों के माथे पर तिलक लगाकर उनकी सुख-समृद्धि और दीर्घायु की कामना करती हैं। त्योहार के चलते मिठाई, उपहार और कपड़ों की खरीदारी भी होती है। इस तरह दीपावली के बाद भी बाजार में ग्राहकी का सिलसिला जारी रहने की संभावना है।

इलेक्ट्रॉनिक्स कारोबारियों को घरेलू उपकरणों की मांग से उम्मीद

इलेक्ट्रॉनिक्स कारोबार से जुड़े गोल्डी अग्रवाल, जयेश खंडेलवाल, दिनेश यादव और सिद्धि खंडेलवाल का मानना है कि दीपावली पर घरेलू उपकरणों की मांग बढ़ने से कारोबार को गति मिल सकती है। त्योहार के दौरान लोग घरों के लिए नए उपकरण खरीदना पसंद करते हैं। ऐसे में व्यापारियों को आगामी शुभ मुहूर्तों में अच्छी ग्राहकी की उम्मीद है।

कपड़ा बाजार में मंदी, फसल बिक्री के बाद तेजी की आस

कपड़ा व्यवसाय से जुड़े मनमोहन लोया, अनिल खंडेलवाल, बसंत अग्रवाल, मुरारी अग्रवाल और गोपाल पंवार के अनुसार फिलहाल बाजार में अपेक्षित ग्राहकी नहीं दिखाई दे रही है। नवरात्र के दौरान भी खरीदारी का रुझान बहुत उत्साहजनक नहीं रहा, लेकिन अब व्यापारियों को दीपावली पर तेजी आने की उम्मीद है। उनका मानना है कि फसल की बिक्री के बाद किसानों और ग्रामीण ग्राहकों के हाथों में राशि आने से कपड़ा बाजार को सहारा मिलेगा। दोपहिया और चार पहिया वाहन कारोबार से जुड़े पंकज खंडेलवाल, राजू राजपूत, दीपक मालवीय, संजय पटेल और अभिषेक तिवारी का कहना है कि वाहन कंपनियों की ओर से दिए जा रहे विभिन्न ऑफर ग्राहकों को आकर्षित कर सकते हैं। त्योहारों पर शुभ मुहूर्त में नया वाहन खरीदने की परंपरा के चलते धनतेरस और दीपावली के आसपास बिक्री बढ़ने की संभावना है। भैरूंदा और आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों की अर्थव्यवस्था कृषि पर आधारित है। ऐसे में खरीफ फसलों का उत्पादन और किसानों को मिलने वाली राशि स्थानीय बाजार की ग्राहकी को प्रभावित करती है।

संग्रहित कचरा ढेर में आग लगाने से परेशान नागरिक



सोहागपुर। नगर परिषद के कचरा संग्रह वाहन प्रतिदिन शहर में निकाले जाते हैं। लेकिन मैदानी सफाईकर्मी कचरे के घेरे में आग लगा देते हैं। जिसके कारण नागरिकों को परेशानी हो रही है। बुधवार सुबह स्टेट बैंक के समीप कचरे के ढेर में आग लगा दी गई। जिससे बदबूदार धुंआ घंटों उड़ता रहा व नागरिको बहुत अधिक परेशान हुए। नागरिकों ने नप के जनप्रतिनिधियों तथा अधिकारियों से अपेक्षा की है कचरा जलाया न जाए।

कपड़े दिलाने के बहाने नाबालिग को बहला-फुसलाकर ले गया, दुष्कर्म के दोषी को 20 साल का कारावास

भैरूंदा। नाबालिग बालिका को कपड़े दिलाने के बहाने बहला-फुसलाकर अपने साथ ले जाने और उसके साथ दुष्कर्म करने के मामले में न्यायालय ने आरोपी को दोषी ठहराते हुए 20 वर्ष के सश्रम कारावास की सजा सुनाई है। न्यायालय ने 10 हजार रुपये का अर्थदंड भी लगाया है। मामले में शासन की ओर से विशेष लोक अभियोजक मनोज जाट ने पैरवी की। प्रकरण की सुनवाई प्रथम अपर सत्र न्यायाधीश के न्यायालय में हुई। दोषी ठहराए गए आरोपी की पहचान विशाल पिता सालकराम इवने, निवासी भैरूंदा, जिला सीहोर के रूप में हुई है। 25 अक्टूबर 2025 को पीड़िता के पिता ने थाने पहुंचकर अपनी बेटी के लापता होने की सूचना दी थी।

उन्होंने पुलिस को बताया कि सुबह करीब 8 बजे वह वाहन लेकर बस स्टैंड पहुंचे थे। इस दौरान उनकी पत्नी काम पर चली गई थी, जबकि बेटी कोचिंग के लिए गई थी। दोपहर में पत्नी का फोन आया कि बेटी स्कूल नहीं पहुंची है और घर से कहीं चली गई है। सूचना मिलने के बाद पिता अपनी पत्नी के साथ बेटी की तलाश में निकले।

शहीद भगत सिंह कॉलेज परिसर में लगा विशाल रोजगार मेला

18 कंपनियों ने लिया हिस्सा

हरिभूमि न्यूज ⏭ पिपरिया



नगर के शहीद भगत सिंह कॉलेज परिसर में मंगलवार को जिला रोजगार कार्यालय के तत्वावधान में एक विशाल रोजगार मेले का आयोजन किया गया। इस मेले में देश और क्षेत्र की लगभग 18 प्रतिष्ठित कंपनियों ने भाग लिया, जहां युवाओं को उनकी योग्यता के अनुसार रोजगार के अवसर प्रदान किए गए। कार्यक्रम का शुभारंभ माँ सरस्वती की प्रतिमा पर दीप प्रज्वलन और पूजा-अर्चना के साथ हुआ।

इस भव्य आयोजन में नगरपालिका अध्यक्ष नीना नवनीत नागपाल, भाजपा जिला महामंत्री ममता नागवंशी, पूर्व जिला सतर्कता निगरानी समिति सदस्य अरविंद राय, मंडल अध्यक्ष बलराम ठाकुर, जनपद पंचायत उपाध्यक्ष कुसुम लता भगवान सिंह पटेल और विधानसभा प्रभारी नवनीत नागपाल विशेष रूप से उपस्थित रहे। साथ ही कॉलेज के प्राचार्य डॉ. एस.के. मेहरा, डॉ. राजीव माहेश्वरी, अरुण मोहता, किटी मौर्य सहित अन्य अधिकारी, प्रोफेसर और बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।

सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम (MSME) विभाग, तकनीकी शिक्षा, कौशल विकास एवं रोजगार विभाग के अंतर्गत आयोजित इस मेले में युवाओं को जोडने के लिए कई नामचीन कंपनियां पहुंचीं। इनमें:नाहर स्पिनिंग मिल्स लिमिटेडट्राइडेंट (बुधनी)फोर्स मोटर्सआई.एम.एल. हुंडईहायर ग्रुप एनर्जी प्राइवेट लिमिटेड (मोहासा औद्योगिक क्षेत्र)एल.आई.सी. और एम.आई.सी.जैसी प्रमुख कंपनियां शामिल रहीं।

रोजगार मेले के दौरान महिला सशक्तिकरण की दिशा में भी महत्वपूर्ण कदम उठाया गया। नगरपालिका परिषद और विभिन्न बैंकों के सहयोग से लगभग 5 महिला स्व-सहायता समूहों को स्वरोजगार के लिए ऋण स्वीकृत किया गया, जिसके स्वीकृति पत्र अतिथियों द्वारा समूहों को सौंपे गए।

बुधनी से आई ट्राइडेंट कंपनी के प्रतिनिधि ने जानकारी दी कि पिपरिया नगरपालिका क्षेत्र के करीब 1000 युवा-युवतियां पहले से ही उनकी कंपनी में अपनी सेवाएं दे रहे हैं। वहीं, आज के इस रोजगार मेले में लगभग 500 नए युवाओं को रोजगार देने का लक्ष्य रखा गया था, जिसे लेकर युवाओं में भारी उत्साह देखा गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधानसभा प्रभारी नवनीत नागपाल ने युवाओं का आह्वान किया कि आज की युवा पीढ़ी सिर्फ नौकरी की तलाश करने वाली नहीं, बल्कि दूसरों को रोजगार देने वाली (उद्यमी) बने।

मुख्यमंत्री जन विश्वास अभियान के तहत 30 को महोड़िया में शिविर आयोजित

सीहोर। मुख्यमंत्री जन विश्वास अभियान के अंतर्गत 30 अक्टूबर को सीहोर विकासखंड के महोड़िया में शिविर आयोजित किया जाएगा। अभियान का उद्देश्य शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ पात्र हितग्राहियों तक पहुंचाना तथा आम नागरिकों की समस्याओं का मौके पर निराकरण सुनिश्चित करना है। शिविर के माध्यम से ग्रामीणों को विभिन्न शासकीय सेवाओं और योजनाओं की जानकारी भी उपलब्ध कराई जाएगी। कलेक्टर बालागुरू के. ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि मुख्यमंत्री जन विश्वास अभियान के तहत आयोजित होने वाले शिविर की सभी आवश्यक तैयारियां समय पर सुनिश्चित की जाएं। आमजन की समस्याएं सुनें और शासन की योजनाओं से पात्र हितग्राहियों को लाभान्वित करें।

स्थाई दुकानदारों ने की मांग, हाईवे किनारे से हटें दुकानें, बाधित होता यातायात व व्यापार

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर



शहर में 12 महीने अस्थाई दुकानें स्टेट हाईवे किनारे लगाई जाती हैं। इसलिये प्रशासन ने गत दिनों दुकानें व्यवस्थित करने चूना लाइन डाली थी। लेकिन चूना लाइन को ठेंगा दिखाते हुए व्यापारियों ने अस्थाई दुकानों को पुनः हाईवे किनारे लगाना शुरू कर दिया है। जिससे यातायात बाधित हो रहा है। स्टेट हाईवे किनारे संचालित स्थाई दुकान संचालकों ने बताया कि अस्थाई दुकानदार सदैव प्रशासनिक नियमों की अनदेखी करते हैं। अस्थाई दुकानदार स्टेट हाईवे के ठीक किनारे दुकान लगाते हैं, जिससे आवाजाही बाधित होती है। इन दुकानों को इतना करीब लगाया जाता है कि स्थाई दुकानों के रास्ते पूरी तरह बंद हो जाते हैं एवं व्यापार प्रभावित होता है।

दिया आवेदन

उल्लेखनीय है कि गत दिवस स्थाई दुकानदारों ने एसडीएम सोहागपुर को आवेदन भी दिया है। जिसके अनुसार अस्थाई दुकानें अव्यवस्थित ढंग से लगाई जाती हैं। जिसके कारण यातायात बाधित होता है। साथ ही स्थाई दुकानदारों के व्यापार पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है। अतः स्थाई दुकानदारों ने एसडीएम से मांग की है कि मूर्ति, प्रसाद, दिये, झाड़, फूल, माला इत्यादि की दुकानों को दीपावली के अवसर पर किसी अन्य उचित स्थल पर व्यवस्थित किया जाए। ताकि यातायात बाधित ना हो, अस्थाई दुकानों का व्यापार भी त्यौहार के अनुकूल चले तथा स्थाई दुकानदारों के व्यापार पर भी प्रतिकूल प्रभाव ना पड़े। देखना होगा कि प्रशासन अब क्या कदम उठाता है।

विधायक राय ने किया शासकीय माध्यमिक शाला बीजोरा का निरीक्षण

सीहोर। विधायक सुदेश राय ने मंगलवार को शासकीय माध्यमिक शाला बीजोरा का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने विद्यालय की व्यवस्थाओं का जायजा लिया और विद्यार्थियों को दिए जा रहे मध्यान्ह भोजन की गुणवत्ता पर संतोष व्यक्त किया। भोजन अच्छा पाए जाने पर विधायक ने शाला परिवार की सराहना करते हुए रसोइयों को 500-500 रुपये की राशि देकर पुरस्कृत किया। निरीक्षण के दौरान विद्यालय के प्रधानाध्यापक शिवनारायण गौर ने विधायक के समक्ष विद्यार्थियों की सुविधा के लिए फर्नीचर उपलब्ध कराने की मांग रखी। विधायक सुदेश राय ने इस मांग को तत्काल स्वीकार करते हुए शीघ्र ही विद्यालय में फर्नीचर उपलब्ध कराने का आश्वासन दिया। इससे विद्यालय में अध्ययनरत बच्चों को बेहतर शैक्षणिक सुविधाएं मिलने की उम्मीद है। विधायक के औचक निरीक्षण और विद्यालय की आवश्यकताओं के प्रति सकारात्मक पहल पर शाला परिवार ने प्रसन्नता व्यक्त की। विद्यालय परिवार ने विधायक सुदेश राय का आभार व्यक्त करते हुए उन्हें धन्यवाद दिया। उम्मीद जताई कि फर्नीचर उपलब्ध होने से पढ़ाई के लिए बेहतर वातावरण मिलेगा।



मटकुली में चौकीदार के भरोसे चल रहे हॉस्टल

निर्माण के बाद भी बंद पड़ा जूनियर छात्रावास, खंडहर बनने की कगार पर



हरिभूमि न्यूज ⏭ पिपरिया

सांदीपनि एवं आर.एन.ए. उत्कृष्ट विद्यालय परिसर में प्रशासनिक उदासीनता और लापरवाही का बड़ा मामला सामने आया है। एक तरफ जहां सीनियर बालिका छात्रावास में क्षमता से अधिक छात्राएं रह रही हैं और अधीक्षक नदारद रहती हैं, वहीं दूसरी तरफ लाखों की लागत से बनकर तैयार हुआ नया जूनियर छात्रावास उद्घाटन के इंतजार में पुराना और जर्जर होने लगा है।

उत्कृष्ट विद्यालय परिसर के पीछे निर्मित नया जूनियर छात्रावास भवन पूरी तरह बनकर तैयार है। लेकिन अभी तक इसका शुभारंभ न होने के कारण छात्र इसके लाभ से वंचित हैं। छात्र हॉस्टल में प्रवेश लेने के लिए उत्सुक हैं और पूर्व में इसके लिए ज्ञापन भी सौंपा जा चुका है, बावजूद इसके कोई सुनवाई नहीं हुई। रख-रखाव न होने और ताला बंद रहने से भवन अब जर्जर होने लगा है। सूत्रों के मुताबिक, बंद पड़े इस परिसर में एक बार चोरी भी हो चुकी है, लेकिन सुरक्षा या हॉस्टल शुरू करने के संबंध में कोई ठोस कदम नहीं उठाए गए।

दूसरी ओर, पास में ही स्थित सीनियर बालिका छात्रावास में कक्षा 9वीं से 12वीं तक की लगभग 50 छात्राएं निवास कर रही हैं, जो इसकी स्वीकृत क्षमता के अनुसार पूरी तरह भरा हुआ है। शासन के स्पष्ट निर्देश हैं कि हॉस्टल अधीक्षक को मुख्यालय पर ही निवास करना अनिवार्य है, लेकिन निरीक्षण के दौरान अधीक्षक मधु साहू मौके पर उपस्थित नहीं मिलीं।

इस गंभीर मामले पर जब विकास खंड शिक्षा अधिकारी (BEO) श्री लाल रघुवंशी से बात की गई, तो उन्होंने बताया कि अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व/SDM) आकिप खान द्वारा अभी तक जनभागीदारी समिति की बैठक नहीं ली गई है। बैठक आयोजित होते ही छात्रावास को विधिवत प्रारंभ कर दिया जाएगा।

प्रशासनिक लापरवाही का यह सिलसिला केवल पिपरिया तक सीमित नहीं है। मटकुली क्षेत्र में संचालित लगभग 4 छात्रावासों का हाल भी बदतर है। यहां के अधीक्षक हॉस्टल परिसर में रहने के बजाय पचमढ़ी रोड स्थित बैंक कॉलोनी में निवास करते हैं। हॉस्टल का संचालन केवल चौकीदारों के भरोसे छोड़ दिया गया है। आरोप हैं कि अधीक्षक केवल हाजिरी लगाने आते हैं और अपनी सुविधानुसार मनमाने बिल लगाकर शासन के बजट का चूना लगा रहे हैं।

नप अध्यक्ष ने नागरिकों से की अपील, संग्रहण वाहन में ही डालें कचरा

दीपावली से पहले चला स्वच्छता महाअभियान जीवीपी पॉइंट्स की कराई गई साफ- सफाई





हरिभूमि न्यूज ⏭ बुधनी

दीपावली पर्व को देखते हुए नगर परिषद द्वारा नगर को स्वच्छ और सुंदर बनाने के लिए विशेष स्वच्छता महाअभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में मंगलवार को नगर के विभिन्न प्रमुख स्थलों पर सफाई अभियान चलाकर कचरे के ढेर यानी जीवीपी पॉइंट्स की सफाई कराई गई। नगर परिषद अध्यक्ष सुनीता अर्जुन मालवीय एवं मुख्य नगर पालिका अधिकारी डॉ प्रशांत जैन के निर्देशानुसार प्रत्येक मंगलवार को यह अभियान संचालित किया जा रहा है।

अभियान के तहत वार्ड क्रमांक 10 स्थित मुख्य नर्मदा घाट,सिंधी घाट,ढीमर घाट, ग्वाल घाट एवं माना वीआईपी रोड पर सफाई कराकर सार्वजनिक स्थलों पर जमा कचरे को हटाया गया। नगर परिषद अध्यक्ष सुनीता अर्जुन मालवीय ने दीपावली के मद्देनजर नागरिकों से अपील की कि घरों की साफ-सफाई के दौरान निकलने वाले कचरे को सड़कों, खाली स्थानों और सार्वजनिक स्थलों पर न फेंकें,बल्कि नगर परिषद के कचरा संग्रहण वाहन में ही डालें। उन्होंने कहा कि नगर को स्वच्छ, सुंदर और व्यवस्थित बनाए रखना केवल नगर परिषद की जिम्मेदारी नहीं, बल्कि प्रत्येक नागरिक की सहभागिता भी जरूरी है। सभी के सहयोग से ही स्वच्छ दीपावली और सुंदर बुधनी का संकल्प साकार हो सकता है। स्वच्छता महाअभियान में सहायक स्वच्छता निरीक्षक शैलेन्द्र सिंह चौहान सहित सहयोगी संस्था फीडबैक फाउंडेशन चैरिटेबल ट्रस्ट के कर्मचारी मौजूद रहे। नगर परिषद ने नागरिकों से कचरे का उचित निस्तारण करने और स्वच्छता अभियान में सक्रिय सहयोग देने की अपील की है।

नाम परिवर्तन सूचना

सूचित किया जाता है कि मैं ऋषि कुमार बड़कुर पिता स्व. शालिकराम बड़कुर निवासी वार्ड नं. 01 गोंची तरोंदा तह. इटारसी जिला नर्मदापुरम् (म.प्र.) का निवासी हूँ। मेरी पुत्री ज्ञानवी बड़कुर के शाला अभिलेख में पिता का नाम ऋषि बड़कुर दर्ज है। जबकि मेरा सही एवं वास्तविक नाम ऋषि कुमार बड़कुर है जो कि सत्य एवं सही हैं सभी को सूचित होवें की मेरी पुत्री का सही नाम ज्ञानवी बड़कुर पिताश्री ऋषि कुमार बडकुर के नाम से जाना जाये। जिसके सारे डाक्यूमेन्ट (अभिलेख) मेरे पास उपस्थित है।

लोकतंत्र की मजबूती में युवाओं की भूमिका महत्वपूर्ण: केंद्रीय मंत्री उइके

छात्रों ने जाना वोट का महत्व, विकसित भारत के निर्माण में युवाओं की भागीदारी अहम

हरिभूमि न्यूज ⏭ हरदा



युवाओं को लोकतांत्रिक प्रक्रिया, मतदान के महत्व तथा उनके अधिकारों और जिम्मेदारियों के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से बुधवार को पीएम श्री कॉलेज, हरदा में मेरा युवा भारत (माय भारत) - विकसित भारत युवा संवादः अपना वोट जानें (नो युअर वोट) कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में केंद्रीय राज्य मंत्री दुर्गादास उइके, मध्यप्रदेश के पूर्व कैबिनेट मंत्री कमल पटेल, भाजपा जिला अध्यक्ष राजेश वर्मा सहित कलेक्टर कुमार सत्यम, पुलिस अधीक्षक शशांक, माय भारत की जिला युवा अधिकारी श्रद्धा मित्तल एवं अन्य गणमान्यजन उपस्थित रहे।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए केंद्रीय राज्य मंत्री श्री उइके ने लोकतंत्र को सशक्त बनाने में युवाओं की महत्वपूर्ण भूमिका पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि युवा देश का वर्तमान भी हैं और भविष्य भी। लोकतंत्र की मजबूती जागरूक नागरिकों की भागीदारी से सुनिश्चित होती है और इसमें युवाओं की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। मतदान केवल एक संवैधानिक अधिकार नहीं, बल्कि देश के भविष्य के निर्माण में भागीदारी का सशक्त माध्यम है। उन्होंने युवाओं से आह्वान किया कि वे लोकतांत्रिक व्यवस्था, निर्वाचन प्रक्रिया और अपने मताधिकार के महत्व को समझें तथा समाज में भी मतदान के प्रति जागरूकता बढ़ाने में अपनी भूमिका निभाएं। उन्होंने कहा कि प्रत्येक मत देश की दिशा और लोकतांत्रिक व्यवस्था को मजबूत बनाने में महत्वपूर्ण योगदान देता है इसलिए युवाओं को अपने अधिकारों के प्रति जागरूक रहने के साथ-साथ अपने कर्तव्यों का भी जिम्मेदारीपूर्वक निर्वहन करना चाहिए।

केन्द्रीय राज्य मंत्री श्री उइके ने युवाओं को विकसित भारत 2047 के राष्ट्रीय संकल्प से जुड़ने के लिए प्रेरित करते हुए कहा कि जागरूक, शिक्षित और जिम्मेदार युवा ही देश को प्रगति के नए शिखर तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं। उन्होंने लोकतांत्रिक मूल्यों के प्रति प्रतिबद्धता बनाए रखने और राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भागीदारी निभाने का संदेश दिया।

समझाई एसआईआर की प्रक्रिया

कार्यक्रम में जिले की यशस्वी यूथ आइकन मेहरुन्निशा ने एक विस्तृत पीपीटी प्रस्तुति के माध्यम से एसआईआर (विशेष गहन पुनरीक्षण) की प्रक्रिया को सरल एवं प्रभावी ढंग से समझाया। उन्होंने युवाओं को मतदाता सूची के महत्व, उससे जुड़ी प्रक्रिया तथा अपने मताधिकार के प्रति जागरूक रहने की आवश्यकता के बारे में जानकारी दी। प्रस्तुति के माध्यम से विद्यार्थियों को ह्यआपका वोट, आपका अधिकारह्ण का संदेश देते हुए लोकतांत्रिक व्यवस्था में अपनी भूमिका को समझने के लिए प्रेरित किया गया। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि प्रत्येक युवा को मतदान संबंधी प्रक्रियाओं की सही जानकारी रखनी चाहिए तथा अपने मताधिकार के प्रति सजग और जिम्मेदार रहना चाहिए।

संवाद पर जोर

विकसित भारत युवा संवाद पहल के अंतर्गत विद्यार्थियों को अपने चुने हुए जनप्रतिनिधियों के साथ सीधे संवाद करने, अपने विचार रखने तथा लोकतंत्र से जुड़े प्रश्न पूछने का अवसर उपलब्ध कराने की परिकल्पना की गई है। इसका उद्देश्य युवाओं में चुनावी प्रक्रिया के प्रति समझ विकसित करना और लोकतांत्रिक संस्थाओं के प्रति विश्वास को मजबूत करना है।

संकल्प से जुड़ेंगे युवा

कार्यक्रम के माध्यम से युवाओं को राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाने तथा लोकतांत्रिक मूल्यों को आत्मसात करने का संदेश दिया गया। ह्यअपना वोट जानेंह्ण विषय के अंतर्गत मतदान संबंधी जागरूकता बढ़ाने और युवाओं को लोकतांत्रिक प्रक्रिया से जोड़ने पर विशेष बल दिया गया। इस पहल में विद्यार्थियों के विचारों और सुझावों को महत्व देने के साथ उन्हें ह्यमाय भारतह्ण के मंच से जोड़ने का लक्ष्य भी निर्धारित किया गया है। युवाओं को जागरूक, जिम्मेदार और सक्रिय नागरिक बनाकर विकसित भारत/2047 के राष्ट्रीय संकल्प में उनकी भागीदारी सुनिश्चित करना इस कार्यक्रम की मूल भावना है। विकसित भारत युवा संवाद युवाओं को लोकतंत्र की शक्ति समझने, अपने मताधिकार के महत्व को पहचानने और राष्ट्र के उज्ज्वल भविष्य के निर्माण में जिम्मेदारी के साथ योगदान देने के लिए प्रेरित करने की महत्वपूर्ण पहल है।

किसानों और ग्रामीण उपभोक्ताओं को मिलेगी बेहतर बिजली आपूर्ति

खामापड़वा में 2.65 करोड़ की लागत से निर्मित विद्युत उपकेंद्र का लोकार्पण

हरिभूमि न्यूज ⏭ हरदा



विकासखंड हरदा के ग्राम खामापड़वा में बुधवार को मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड, हरदा वृत्त के अंतर्गत नवनिर्मित 33/11 केवी, 5 एमवीए क्षमता के विद्युत उपकेंद्र का लोकार्पण किया गया। भारत सरकार के जनजातीय कार्य विभाग के केंद्रीय राज्य मंत्री दुर्गादास उइके ने 265 लाख रुपये की लागत से निर्मित इस विद्युत उपकेंद्र का लोकार्पण किया।

इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष गजेन्द्र शाह, पूर्व मंत्री एवं सांसद प्रतिनिधि कमल पटेल, उपाध्यक्ष दर्शन सिंह गहलोत, जनपद सदस्य माया सूरत सिंह तथा ग्राम पंचायत की सरपंच सुनीता डाले सहित अन्य जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

केंद्रीय राज्य मंत्री श्री उइके ने कहा कि नए विद्युत उपकेंद्र के शुरू होने से क्षेत्र के किसानों और ग्रामीण विद्युत उपभोक्ताओं को गुणवत्तापूर्ण एवं निर्बाध बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करने में मदद मिलेगी। इससे क्षेत्र में लो-वोल्टेज की समस्या दूर होगी और उपभोक्ताओं को बेहतर विद्युत सुविधाएं मिल सकेंगी। कार्यक्रम के दौरान विद्युत उपकेंद्र के निर्माण की क्रियान्वयन एजेंसी के ठेकेदार राहुल सोमानी, हरदा तथा भूमि दानदाता ग्राम बम्हनगांव निवासी महेशप्रसाद पाटील का अतिथियों द्वारा सम्मान किया गया।

विमुक्त घुमंतु व अर्धघुमंतु के लिए योजनाओं का शिविर संपन्न



हरिभूमि न्यूज ⏭ हरदा

विमुक्त, घुमंतु और अर्द्धघुमंतु समुदायों को शासकीय योजनाओं की जानकारी एवं लाभ प्रदाय किये जाने के लिए बुधवार को टिमरनी अनुभाग के ग्राम झिरी के प्राथमिक शाला भवन में शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में बड़ी संख्या में समुदाय के लोगों ने भाग लिया। सहायक संचालक पिछड़ा वर्ग तथा अल्पसंख्यक कल्याण विवेक सिंह ने बताया कि शिविर में जाति प्रमाण-पत्र, राशन कार्ड, पात्रता पर्ची, जमीन के पट्टे व आधार कार्ड से संबंधित आवेदन प्राप्त हुए। विभागीय अमले द्वारा प्राप्त आवेदन पत्रों का निराकरण करने के लिये आवश्यक कार्यवाही की गई। शिविर में समुदाय के लोगों को शासकीय योजनाओं की जानकारी दी गई साथ ही योजनाओं का लाभ प्राप्त करने हेतु प्रेरित किया गया तथा शासन की स्वरोजगार व शैक्षणिक योजना की जानकारी दी गई।

पटाखा दुकानों व गोदामों का एसडीएम ने निरीक्षण किया



हरिभूमि न्यूज ⏭ हरदा

मंगलवार शाम को एसडीएम शैलेंद्र कुमार बड़ोनिया और एसडीओपी शालिनी परस्ते ने मगरधा रोड पर पटाखा दुकानों और गोदामों का निरीक्षण किया। इस दौरान एक थोक और एक फुटकर विक्रेता की दुकानों पर कई कमियां मिलीं, सुधार के निर्देश दिए। भंडारण, बिक्री, सुरक्षा मानकों और आग बुझाने के इंतजामों की जांच की। एमएच फायर वर्क्स और बाबा फायर बर्क्स के निरीक्षण में पाया गया कि एक दुकानदार के पास 600 किलो का लाइसेंस था, पर उसने फुटकर विक्रेताओं के लिए माल पहले से पैक कर रखा था। पटाखे खरीदने वालों के लाइसेंस कॉपी दुकानदार के पास नहीं मिली। रजिस्टर में माल आने-बेचने की एंट्री नहीं थी। एसडीएम ने नाराजगी जताते हुए बिल पेश करने को कहा। प्रशासन ने अवैध और खतरनाक देशी पटाखों की बिक्री-भंडारण पर रोक लगाई है। लाइसेंस वाले और सुरक्षित पटाखे ही रखे जा सकेंगे।

भुसावल मंडल के डीआरएम पहुंचे

सांसद पाटिल की पहल पर डीआरएम ने ओवरब्रिज का किया निरीक्षण



हरिभूमि न्यूज ⏭ बुरहानपुर

लालबाग के शिवाजी नगर और चिंचाला क्षेत्र के करीब 20 हजार रहवासियों को आवागमन की समस्या से राहत दिलाने के लिए सांसद ज्ञानेश्वर पाटिल की पहल पर भुसावल मंडल के डीआरएम पुनीत अग्रवाल मंगलवार को रेलवे अधिकारियों की टीम के साथ बुरहानपुर पहुंचे। उन्होंने सांसद, जनप्रतिनिधियों और क्षेत्रवासियों के साथ शिवाजी नगर रेलवे क्रॉसिंग का संयुक्त निरीक्षण किया। सांसद पाटील ने मौके पर अधिकारियों को बताया कि इस क्षेत्र की 20 हजार आबादी को रेलवे लाइन के कारण लंबा चक्कर लगाना पड़ता है, जिससे विद्यार्थियों, महिलाओं, बुजुर्गों और मरीजों को भारी परेशानी होती है। गुलाबगंज ओवरब्रिज विकल्प नहीं है क्योंकि वह भी दूर पड़ता है। ऐसे में शिवाजी नगर में अलग ओवरब्रिज बनना जरूरी है। उन्होंने डीआरएम को पत्र सौंपकर तकनीकी जांच और आवश्यक कार्रवाई की मांग की।

ये मांग भी रखी

इस दौरान सांसद ने गुलाबगंज ओवरब्रिज और नेपानगर के मातापुर बाजार अंडरपास का काम शीघ्र पूरा कराने, भुसावल-खंडवा तीसरी व चौथी रेल लाइन के कार्य में तेजी लाने, रेलवे स्टेशन पर एस्केलेटर, नाशिक-ओंकारेश्वर ट्रेन शुरू करने और लालबाग के भगवती माता मंदिर मार्ग पर रेलवे फेंसिंग की समस्या के निदान पर भी जोर दिया। डीआरयूसीसी सदस्य पंकज नाटानी ने यात्री सुविधाओं और नई ट्रेनों के स्टॉपेज की मांग रखी, वहीं राजू जोशी ने अब तक मिले रिकॉर्ड स्टॉपेज के लिए सांसद का आभार माना। डीआरएम पुनीत अग्रवाल ने समस्याओं को गंभीरता से सुनकर सकारात्मक कार्रवाई का भरोसा दिलाया। निरीक्षण के दौरान नेपानगर विधायक मंजू दादू, महापौर माधुरी पटेल, बुरहानपुर विधायक अर्चना चिटनिस, पूर्व महापौर अतुल पटेल, अनिल भोसले, गजेंद्र पाटिल सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि, रेल अधिकारी और क्षेत्रवासी मौजूद रहे।

पुलिस अधीक्षक ने सुनी आमजन की समस्याएं, त्वरित निराकरण के दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ खरगोन



मध्य प्रदेश शासन के निर्देशानुसार आमजन की शिकायतों का निराकरण करने एवं समस्याओं का त्वरित समाधान करने के लिए प्रत्येक मंगलवार को जन सुनवाई आयोजित की जाती हैं । इसी क्रम में जनता की समस्याओं पर संवेदनशील पहल करते हुए पुलिस अधीक्षक खरगोन रविन्द्र वर्मा के द्वारा अपने कार्यालय कक्ष में जन सुनवाई आयोजित कर आमजन की शिकायत एवं समस्याओं को सुना तथा त्वरित निराकरण हेतु संबंधित अधिकारियों को समय सीमा में उचित कार्रवाई करने के निर्देश दिये । जन सुनवाई के दौरान 11 आवेदक ने अपनी शिकायतों के निराकरण हेतु आवेदन दिए जिनमें जमीनी विवाद संबंधी शिकायत, आपसी विवाद शिकायत, संपत्ति संबंधी शिकायत व अन्य शिकायत आदि लेकर आमजन आए जिनकी शिकायतों को पुलिस अधीक्षक के द्वारा उनकी व्यथा व समस्याओं को सुनकर उनके निराकरण हेतु संबंधित अधिकारियों को निर्देशित कर तत्काल कार्रवाई करने के लिए निर्देश दिए ।

सांसद और विधायक 2 नवंबर को करेंगे निरीक्षण

झिरन्या व खंडवा सिंचाई परियोजना बिंजलवाड़ा को लेकर नाराजगी, उच्च स्तरीय जांच की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ झिरन्या



सांसद ज्ञानेश्वर पाटिल और पंधाना विधायक छाया-गोविन्द मोरे सहित संयुक्त दल 2 नवंबर को झिरन्या और खंडवा उद्वहन सिंचाई परियोजनाओं का निरीक्षण करेंगे। विधायक मोरे ने बिंजलवाड़ा-परियोजना की गुणवत्ता को लेकर भी सवाल उठाए हैं और कहा कि हम इन्हीं कारणों से सिंचाई-परियोजनाओं की उच्च-स्तरीय जांच की मांग कर रहें हैं। जिला जल उपयोगिता समिति की कलेक्टर कार्यालय खंडवा में सोमवार की रात बैठक में मुख्य रूप से झिरन्या और खंडवा उद्वहन सिंचाई परियोजनाओं का मामला गर्म रहा। इसके बाद देर रात पत्रकार वार्ता में विधायक मोरे ने बिंजलवाड़ा-परियोजना भीकनगांव के अधिकारियों और निर्माण एजेंसी को भी घेरा और कहा कि सभी परियोजनाएं गुणवत्ता के मामले में लगभग एक जैसी है। इन दोनों परियोजनाओं के कई गांव सीमावर्ती पंधाना विधानसभा क्षेत्र में भी आते हैं।

उच्च स्तरीय जांच कराई जाएगी

विधायक मोरे ने कहा कि झिरन्या का काम लगभग पूर्ण बताया जा रहा है और खंडवा सिंचाई योजना का काम अभी चल रहा है। इनकी उच्च स्तरीय जांच भी कराई जाएगी। उनके तेवरों से साफ था कि वे केवल कागजी समीक्षा से संतुष्ट नहीं हैं, बल्कि योजनाओं की जमीनी हकीकत देखने और खामियों की जांच कराने के पक्ष में हैं। उन्होंने कहा कि किसानों की ओर से पाइपों की गुणवत्ता, उन पर रंग-चिह्न नहीं होने और पाइपों की निर्धारित गहराई को लेकर भी शिकायतें सामने आती रही हैं। इसे लेकर सांसद पाटिल ने बैठक में इस संबंध में फोटोग्राफ सहित जानकारी प्रस्तुत की थी। जब मोरे से पूछा गया कि बिंजलवाड़ा-परियोजना में क्या वही कंपनी काम कर रही है? उन्होंने कहा कि कोई भी कंपनी काम करे,यदि इसी तरह की समस्याएं आती हैं, तो उसे डिफॉल्टर घोषित करने की कार्रवाई की जानी चाहिए। उन्होंने पत्रकारों से कहा कि हम इतनी महत्वपूर्ण योजनाएं शासन से स्वीकृत कराकर लाते हैं और फिर इस प्रकार की खामियां सामने आती हैं।

लोकतंत्र की मजबूती के लिए लोकतंत्र बचाओ, भीड़तंत्र हाटाओ अभियान जरूरीः ब्राह्मणे

विपक्ष बिना मुद्दे के आपदा में अवसर तलाश रहाः पाटीदार

हरिभूमि न्यूज ⏭ खरगोन



भारतीय जनता पार्टी जिले में लोकतंत्र बचाओ-भीड़तंत्र हटाओ अभियान के जरिए विपक्ष के हमलों का करारा जवाब देगी। लोकतंत्र की मजबूती के लिए यह अभियान जरुरी है। यह बात भाजपा जिलाध्यक्ष नंदा ब्राह्मणे ने बुधवार को भारतीय जनता पार्टी कार्यालय पर आयोजित दशहरा मिलन एवं कामकाजी बैठक में कार्यकर्ताओं के बीच कही। उन्होंने कार्यकर्तों से आह्वान किया की 22 अक्टूबर से 5 नवंबर तक चलने वाले इस अभियान में सक्रियता से भाग लें। विपक्ष के भ्रामक दुष्प्रचार का जवाब हम तथ्यों के साथ दें। इस दौरान विधायक बालकृष्ण पाटीदार, महेश्वर विधायक राजकुमार मेव, वरिष्ठ नेता चंदर सिंह वास्कले भी मंचासीन रहे। पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने एक दूसरे को दशहरा पर्व की बधाई देने के बाद बैठक की शुरुआत की। मुख्य वक्ता विधायक बालकृष्ण पाटीदार ने कहा कि वर्तमान में विपक्ष बिना मुद्दे के सड़कों पर उतरकर आपदा में अवसर तलाशने का काम कर रहा है। लोगों को कभी महंगाई, कभी बिजली तो कभी वोट चोरी के नाम पर भ्रमित कर सड़कें जाम की जा रही है। इस भीड़तंत्र का आम जनता हिस्सा न बनें, इसके लिए कार्यकर्ताओं को इस अभियान के माध्यम से जानजागरुकता फैलानी होगी। हमारी केंद्र और प्रदेश सरकार के कामों को जनता तक पहुंचाएं। कांग्रेस और भाजपा सरकार के कामकाज का अंतर बताएं।

एक समय था जब बिजली चंद मिनटो के लिए आती थी, लेकिन अब परिस्थिति बदली है। भाजपा शासन में कुछ समय मेटनेंस कार्य बिजली जाती है। यह अंतर जनता को बताना होगा। उन्होंने कहा इंडी गठबंधन, कांग्रेस, आम आदमी पार्टी और सीजेपी जैसे संगठन देश में अराजकता और अस्थिरता का माहौल पैदा करने का प्रयास कर रहे हैं। विपक्ष संवैधानिक संस्थाओं जैसे सुप्रीम कोर्ट, निर्वाचन आयोग और सेना की विश्वसनीयता को कमजोर करने में जुटा है। लोकतंत्र की मजबूती के लिए लोकतंत्र बचाओ-भीड़तंत्र हटाओ अभियान के जरिये भाजपा कार्यकर्ता एसआईआर और मतदाता सूची के शुद्धिकरण से जुड़े तथ्यों को जन-जन तक पहुंचाएं। संवैधानिक संस्थाओं में जनता के विश्वास को मजबूत करने के लिए भाजपा और भाजपा कार्यकर्ता प्रतिबद्ध है। जिला महामंत्री विवेक भटोरे ने अभियान की कार्ययोजना साझा करने के साथ ही अभियान को सफल बनाने के लिए गठित की गई जिला टोली की घोषणा की। संचालन जिला महामंत्री प्रकाश पाटीदार ने किया। आभार हरेसिंह चावड़ा ने माना। जिला कार्यालय मंत्री विजय पटेल, जिला मंत्री अनुराग दांगी, महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष शीला पटेल, अजजा मोर्चा जिलाध्यक्ष संतोष सोलंकी, अजा मोर्चा जिलाध्यक्ष चंद्रशेखर भालसे, युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष अंकूश जायसवाल, जितेंद्र त्रिपाठी, राजेश सागोरे आदि मौजूद रहे।

